## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

**1. एनसीसी की स्थापना कब हुई?**
उत्तर : 15 जुलाई, 1948।

**2. एनसीसी का पूरा नाम क्या है?**
उत्तर : नेशनल कैडेट कोर।

**3. एनसीसी का मुख्यालय (महानिदेशालय) कहाँ स्थित है?**
उत्तर : नई दिल्ली।

**4. हमारे राष्ट्रीय गीत का क्या नाम है, इसकी रचना किसने की थी?**
उत्तर : वन्दे मातरम् (बंकिमचन्द्र चटर्जी)।

**5. भारतीय संसद में एनसीसी अधिनियम कब पारित हुआ?**
उत्तर : सन् 1948।

**6. एनसीसी में एयर और नेवल विंग की स्थापना कब हुई?**
उत्तर : एयरविंग: सन् 1950, नेवलविंग: सन् 1952।

**7. भारत के पड़ोसी देशों के नाम लिखिए।**
उत्तर : अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मालदीव, पाकिस्तान, म्यांमार, नेपाल और श्री

**8. भारत की तीनों सेनाओं का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
उत्तर : नई दिल्ली।

**9. भारतीय वायुसेना की स्थापना कब की गई थी?**
उत्तर : 8 अक्टूबर, 1932।

**10. 'थम' का आदेश कब दिया जाता है?**
उत्तर : बायाँ पैर दाएँ ले जाते हुए।

**11. 'विश्राम' की अवस्था में दोनों एड़ियों में कितना अंतर रखते हैं?**
उत्तर : 12 इंच

**12. 'सलामी शस्त्र' में रायफल को आँख से कितनी दूर रखते हैं?**
उत्तर : 6 इंच

Scanned by CamScanner

**29. 'पारिस्थितिकी तंत्र' के दो प्रमुख घटक कौन-से होते हैं?**
उत्तर : जैविक घटक एवं अजैविक घटक।

**30. रक्त-स्राव के दो प्रकार कौन-से होते हैं?**
उत्तर : 1. आंतरिक रक्तस्राव 2. बाह्य-रक्तस्राव।

**31. बेहोशी के कोई दो कारण लिखिए।**
उत्तर : 1. सिर में चोट लगने से, 2. दिल का दौरा पड़ने से।

**32. जलने की स्थिति में घायल व्यक्ति को कौन-सा इंजेक्शन दिया जाता है?**
उत्तर : मॉर्फीन का।

**33. हाथ से दिए जाने वाले किन्ही चार संकेतों को लिखिए।**
उत्तर : 1. आगे बढ़, 2. दौड़कर चल, 3. थम, 4. आक्रमण करो।

**34. 'सिंगल फाइल फॉर्मेशन' में बाजू किस ओर फैला हुआ होता है?**
उत्तर : पीछे की ओर।

**35. किन्हीं चार सैक्शन फॉर्मेशन्स के नाम लिखिए।**
उत्तर : 1. सिंगल फाइल, 2. फाइल फॉर्मेशन, 3. डायमण्ड फॉर्मेशन, 4. ऐरो हेड फॉर्मेशन।

**36. फायर आदेश के तीन प्रकारों के नाम लिखिए।**
उत्तर : 1. योजना आदेश, 2. फायर निर्देश आदेश, 3. फायर नियंत्रण आदेश।

**37. रण-कवायद की मूल विशेषताएँ कौन-सी हैं? उनके नाम बताइए?**
उत्तर : 1. फायर और चाल, 2. परिबोधन 3. आदेश।

**38. दो प्रकार की पेट्रोल्स के नाम लिखिए।**
उत्तर : 1. रेकी पेट्रोल्स, 2. प्रोटेक्टिव पेट्रोल्स।

**39. मनुष्य के शरीर में कुल कितनी अस्थियाँ होती हैं?**
उत्तर : 206

**40. प्रमुख पाचन अंग कौन-से हैं?**
उत्तर : 1. मुख, 2. ग्रसनी, 3. ग्रासनली, 4. आमाशय, 5. ग्रहणी, 6. छोटी व बड़ी आंत, 7. अग्नाशय।

**41. रुधिर परिसंचरण तंत्र के प्रमुख अंग कौन-से हैं?**
उत्तर : 1. हृदय, 2. फेफड़े, 3. महाधमनी, 4. धमनियाँ, 5. शिराएँ 6. कोशिकाएँ।

**42. स्वस्थ वयस्क के हृदय की धड़कन एक मिनट में कितनी बार होती है?**
उत्तर : 72 बार।

**43. भोजन के प्रमुख तत्व कौन-कौन से हैं?**
उत्तर : 1. कार्बोहाइड्रेट, 2. प्रोटीन, 3. वसा, 4. खनिज लवण, 5. विटामिन, 6. जल और शर्करा।

**44. विटामिन 'सी' की कमी से कौन-सा रोग होता है?**
उत्तर : स्कर्वी।

Scanned by CamScanner

**45. हमारे शरीर में लगभग कितना प्रतिशत जल होता है?**
उत्तर : 70 प्रतिशत।

**46. वायु द्वारा फैलने वाले किन्हीं चार रोगों के नाम लिखिए।**
उत्तर : 1. चेचक, 2. खसरा, 3. निमोनिया, 4. डिफ्थीरिया।

**47. किन्हीं दो एंटी-सैप्टिक दवाइयों के नाम लिखिए।**
उत्तर : 1. टिंक्चर, 2. आयोडीन।

**48. डायबिटीज रोग किसकी कमी से होता है?**
उत्तर : इन्सुलिन।

**49. शरीर में रक्त की कमी से होने वाले रोग का नाम लिखिए।**
उत्तर : एनीमिया।

**50. 'एड्स' का पूर्ण रूप क्या है?**
उत्तर : AIDS : Acquired Immune Deficiency Syndrome.

**51. 'एड्स' रोग का एक प्रमुख कारण लिखिए।**
उत्तर : HIV नामक वायरस का शरीर में संक्रमण हो जाना।

**52. भारत के राष्ट्रीय गान के रचनाकार कौन थे?**
उत्तर : रवीन्द्रनाथ टैगोर।

**53. हमारे देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य कौन-सा है?**
उत्तर : उत्तर प्रदेश।

**54. देश का सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य कौन-सा है?**
उत्तर : केरल

**55. भारत के सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता का नाम लिखिए?**
उत्तर : रवीन्द्रनाथ टैगोर।

**56. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया था?**
उत्तर : शहीद भगत सिंह।

**57. भारत के सर्वप्रथम एयर मार्शल का नाम लिखिए?**
उत्तर : एयर मार्शल सर थॉमस एल्महर्स्ट।

**58. राष्ट्रीय एकता में बाधक किन्हीं चार तत्वों के नाम लिखिए?**
उत्तर : साम्प्रदायिकता, जातिवाद, भाषावाद और क्षेत्रीयता।

**59. राष्ट्रीय ध्वज की लम्बाई-चौड़ाई का अनुपात क्या है?**
उत्तर : 3 : 2।

**60. प्रभावी नेता के किन्हीं चार गुणों को लिखिए।**
उत्तर : साहस, देशप्रेम की भावना, निर्णय लेने की क्षमता और कुशाग्र बुद्धि।

Scanned by CamScanner

**61. आदर्श नागरिक के किन्हीं चार गुणों को लिखिए।**
उत्तर: उत्साह, आत्मसंयम, जागरूकता और उत्तम स्वास्थ्य।

**62. अनुशासन के दो प्रमुख प्रकार कौन-से हैं?**
उत्तर: व्यक्तिगत अनुशासन और सामूहिक अनुशासन।

**63. किन्हीं चार प्रकार की नागरिक सुरक्षा सेवाओं के नाम लिखिए।**
उत्तर: बचाव सेवा, प्रशिक्षण सेवा, यातायात सेवा और अग्नि-शमन सेवा।

**64. आग बुझाने के लिए आवश्यक किन्हीं चार वस्तुओं के नाम लिखिए।**
उत्तर: सोडा अम्ल का उपकरण, फायर बीटर और पानी व बाल्टी।

**65. हवाई हमले का संकेत किस प्रकार दिया जाता है।**
उत्तर: दो मिनट तक रुक-रुककर सायरन या सीटियों को धीमे स्वर में बजाया जाता है।

**66. एनसीसी कैडेट्स द्वारा किए जाने वाले किन्हीं चार सामाजिक कार्यों का उल्लेख कीजिए।**
उत्तर: रक्तदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा, आपदा-राहत कार्य।

**67. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना कब की गई थी?**
उत्तर: मई, 1988 में।

**68. किन्हीं चार साहसिक गतिविधियों के नाम लिखिए।**
उत्तर: साइकिल यात्रा, ट्रैकिंग, पैराशूट से कूदना, पाल नौकायन।

**69. किन्हीं तीन प्रकार की गाँठों के नाम लिखिए।**
उत्तर: अँगूठा गाँठ, दोहरी गाँठ और ध्रुव गाँठ।

**70. किन्हीं दो प्रकार के बंधनों के नाम लिखिए।**
उत्तर: समान्तर बन्धन तथा वर्गाकार बन्धन।

**71. एल.एम.जी. फायर ट्रेंच की बाहर की लम्बाई कितनी होती है?**
उत्तर: 6 फीट।

**72. बारूदी सुरंग के किन्हीं दो प्रकारों का उल्लेख कीजिए?**
उत्तर: एंटी पर्सनल माइन और एंटी टैंक माइन।

**73. किन्हीं दो प्रकार की बाधाओं का उल्लेख कीजिए?**
उत्तर: पैदल सेना बाधा, वाहन और टैंक बाधा।

**74. राइट हैंड वाल्ट की भूमि से ऊँचाई लिखिए।**
उत्तर: 3 फीट 6 इंच।

**75. संचार की दो विधियों के नाम लिखिए।**
उत्तर: असंस्थागत तथा संस्थागत।

**76. कम्प्यूटर के दो प्रकारों के नाम लिखिए।**
उत्तर: अनुरूप कम्प्यूटर तथा अंकीय कम्प्यूटर।

Scanned by CamScanner

**77.** भूमि से आकाश में 15 किमी तक के क्षेत्र को क्या कहा जाता है?
**उत्तर :** ट्रोपोस्फीयर।

**78.** चुम्बकीय संकेतों पर कार्य करने वाले संचार माध्यम को क्या कहा जाता है?
**उत्तर :** टेलीफोन सेट।

**79.** केवल मीडिया मुख्य रूप से कितने प्रकार का होता है?
**उत्तर :** 1. कोएक्सियल केबल, 2. ट्विस्टिड पेयर केबल, 3. फाइबर-ऑप्टिक्स केबल।

**80.** किन्हीं पाँच पुराणों के नाम लिखिए।
**उत्तर :** 1. विष्णु पुराण, 2. वराह पुराण, 3. वामन पुराण, 4. स्कन्द पुराण, 5. मत्स्य पुराण।

**81.** गुप्तवंश के किन्हीं तीन शासकों के नाम लिखिए।
**उत्तर :** 1. समुद्रगुप्त, 2. चन्द्रगुप्त प्रथम, 3. स्कन्दगुप्त।

**82.** किस मुगलवंश के शासनकाल को 'स्वर्ण-युग' कहा जाता है।
**उत्तर :** शाहजहाँ।

**83.** मौर्यवंश के प्रमुख शासक का नाम लिखिए।
**उत्तर :** पुलकेशिन प्रथम।

**84.** 1857 ई. का प्रथम स्वाधीनता संग्राम कहाँ से प्रारंभ हुआ था?
**उत्तर :** मेरठ।

**85.** महात्मा बुद्ध का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
**उत्तर :** 563 ई.पू., लुम्बिनी में।

**86.** हजरत मुहम्मद साहब का जन्म कहाँ हुआ था?
**उत्तर :** सऊदी अरब के मक्का नगर में।

**87.** सिख धर्म के प्रवर्तक कौन थे?
**उत्तर :** गुरुनानक देव।

**88.** "स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।" यह नारा किसने दिया था?
**उत्तर :** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक।

**89.** अजंता व एलोरा की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?
**उत्तर :** औरंगाबाद के निकट (महाराष्ट्र)।

**90.** महाराणा प्रताप का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
**उत्तर :** 9 मई, 1540 (चित्तौड़)।

**91.** भारत में एनसीसी के कितने निदेशालय हैं?
**उत्तर :** 17

**92.** एनसीसी में पदोन्नति के कौन-कौन से स्तर हैं?
**उत्तर :** 1. लांस कारपोरल 2. कारपोरल 3. सार्जेंट 4. अण्डर ऑफिसर 5. सीनियर अण्डर ऑफिसर।

Scanned by CamScanner

**93. वायुसेना में सर्वोच्च स्तर के अधिकारी को क्या कहते हैं?**
**उत्तर :** एयर चीफ मार्शल।

**94. भारत की तीनों रक्षा सेनाओं का सर्वोच्च सेना प्रमुख कौन होता है?**
**उत्तर :** भारत का राष्ट्रपति।

**95. प्रथम भारतीय मेजर जनरल कौन थे?**
**उत्तर :** फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा।

**96. भारत का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार (परमवीर चक्र) सर्वप्रथम किसे प्रदान किया गया?**
**उत्तर :** मेजर सोमनाथ शर्मा (मरणोपरांत) 1947।

**97. एनसीसी में किन दो शस्त्रों का प्रशिक्षण मुख्य रूप से दिया जाता है?**
**उत्तर :** 1. 0.303 इंच बोर राइफल 2. 0.22 इंच बोर राइफल।

**98. 5.56 मि.मी. INSAS राइफल की प्रभावी रेंज क्या है?**
**उत्तर :** 400 मीटर।

**99. 7.62 मि.मी. SLR राइफल फायरिंग की तीव्र दर कितनी है?**
**उत्तर :** 60 राउंड प्रति मिनट।

**100. मानचित्र पर अपनी स्थिति ज्ञात करने की कौन-सी प्रमुख विधियाँ हैं?**
**उत्तर :** (i) निरीक्षण द्वारा (ii) कम्पास द्वारा (iii) निरंतर मानचित्र अवलोकन द्वारा।

**101. फील्ड सिग्नल्स प्रायः कितने प्रकार के होते हैं?**
**उत्तर :** (i) हाथों द्वारा संकेत (ii) शस्त्रों द्वारा संकेत (iii) सीटी द्वारा संकेत।

**102. सीटी द्वारा संकेत कब दिए जाते हैं?**
**उत्तर :** 1. खतरा होने पर, 2. सतर्क करने के लिए, 3. शत्रु-विमान आने पर, 4. शत्रु-विमान जाने पर।

**103. क्षेत्र-रक्षण के दो प्रकार कौन-से हैं?**
**उत्तर :** 1. त्वरित रक्षण (Quick Defence), 2. सुविचारित रक्षण (Deliberate Defence)।

**104. क्षेत्र-अभियांत्रिकी के प्रमुख औजार कौन-से हैं?**
**उत्तर :** (i) कुल्हाड़ी, (ii) बेलचा, (iii) गैंती, (iv) हथौड़ा, (v) क्रो-बार।

**105. गैंती द्वारा खुदाई करते समय कौन-से प्रमुख आदेशात्मक शब्द बोले जाते हैं?**
**उत्तर :** तैयार, मारो, भरो, घुमाओ, फेंको।

**106. बारूदी सुरंगों को बिछाने की दो विधियाँ लिखो।**
**उत्तर :** (i) पट्टी विधि (Strip Method) तथा (ii) छिड़काव विधि (Scattered Method)।

**107. मानव निर्मित उपग्रह कौन-कौन से हैं?**
**उत्तर :** 1. संचार उपग्रह 2. मौसम उपग्रह 3. वैज्ञानिक उपग्रह 4. सैन्य उपग्रह 5. दिग्दर्शक उपग्रह।

**108. चरित्र निर्माण के प्रमुख गुण कौन-कौन से हैं?**
**उत्तर :** (i) कर्त्तव्य की भावना (ii) साहस (iii) अनुशासन (iv) उत्साह (v) नैतिकता (vi) निष्ठा।

Scanned by CamScanner

**109. 'योग' के प्रमुख अंग कौन से हैं?**
उत्तर : (i) यम, (ii) नियम, (iii) आसन, (iv) प्राणायाम, (v) प्रत्याहार, (vi) धारणा, (vii) ध्यान व समाधि।

**110. "सर कटा सकते हैं, लेकिन सर झुका सकते नहीं।" किसका आदर्श वाक्य था?**
उत्तर : क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद।

**111. सिंधुघाटी सभ्यता की खोज कब और किसके द्वारा की गई?**
उत्तर : 1921 ई॰ में दयाराम साहनी द्वारा।

**112. वेद कितने प्रकार के हैं?**
उत्तर : ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद।

**113. पल्लव वंश की स्थापना कब और किसने की थी?**
उत्तर : 575-600 ई. में सिंहविष्णु ने।

**114. भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम मुस्लिम शासक कौन था?**
उत्तर : मुहम्मद बिन कासिम।

**115. भारत में मुगलवंश की स्थापना कब और किसके द्वारा हुई?**
उत्तर : 1526 ई. में बाबर द्वारा।

**116. शाहजहाँ द्वारा बनवाई गई प्रमुख इमारतें कौन-सी हैं?**
उत्तर : दिल्ली का लालकिला, जामा मस्जिद, आगरा की मोती मस्जिद, ताजमहल इत्यादि।

**117. खालसा पंथ के संस्थापक कौन थे?**
उत्तर : गुरु गोविन्द सिंह (1675-1708 ई.)।

**118. भारत के समुद्री मार्ग की खोज किस विदेशी द्वारा की गई?**
उत्तर : वास्को-डि-गामा।

**119. ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना भारत में कब हुई?**
उत्तर : 1664 ई. में।

**120. मुस्लिम लीग की स्थापना किसके द्वारा और कब की गई?**
उत्तर : 30 दिसम्बर, 1906 को ढाका में नवाब सलीमुल्ला खाँ एवं आगा खाँ के द्वारा।

**121. आजाद हिन्द फौज का सर्वोच्च सेनापति किसे बनाया गया?**
उत्तर : सुभाष चन्द्र बोस (अक्टूबर 1943 में)।

**122. भारत में प्रथम रेलगाड़ी कब और कहाँ चलाई गई?**
उत्तर : 16 अप्रैल, 1853 को बम्बई और थाणे के बीच (34 किमी॰)।

**123. विश्व का सबसे लम्बा प्लेटफार्म कौन-सा है?**
उत्तर : गोरखपुर (भारत) (1355 मीटर)।

**124. भारत में वायु परिवहन की शुरूआत कब की गई?**
उत्तर : 1911 में।

Scanned by CamScanner

**125. महाकालेश्वर का मंदिर भारत में कहाँ स्थित है?**
उत्तर : उज्जैन (मध्य प्रदेश)।

**126. भारत के प्रथम समाचार पत्र का क्या नाम है?**
उत्तर : बंगाल गजट (27 जनवरी, 1780)।

**127. सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश कौन थी?**
उत्तर : श्रीमती एम॰ फातिमा बीबी।

**128. प्रथम भारतीय विमानवाहक पोत का क्या नाम है?**
उत्तर : INS विक्रांत।

**129. प्रथम भारतीय पुरुष अंतरिक्ष यात्री कौन थे?**
उत्तर : राकेश शर्मा (3 अप्रैल, 1984)।

**130. भारत का क्षेत्रफल में सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?**
उत्तर : गोआ (क्षेत्रफल : 3702 वर्ग किमी.)।

**131. 'महाभारत' नामक महाकाव्य के रचयिता कौन हैं?**
उत्तर : महर्षि वेदव्यास।

**132. 'भारत रत्न' सम्मान की स्थापना कब हुई?**
उत्तर : 1954 में।

**133. पृथ्वी की सतह का कुल अनुमानित क्षेत्रफल कितना है?**
उत्तर : 51,01,00,448 वर्ग किमी.

**134. विश्व में सबसे कम आबादी वाला देश कौन-सा है?**
उत्तर : वेटिकन सिटी (आबादी 2016 : 840 लोग)।

**135. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब की गई?**
उत्तर : 24 अक्टूबर, 1945।

**136. थल सेना दिवस कब मनाया जाता है?**
उत्तर : 15 जनवरी।

**137. न्यूयॉर्क शहर किस नदी के किनारे बसा है?**
उत्तर : हडसन नदी।

**138. भारत के प्रधानमंत्री का निवास स्थान कहाँ है?**
उत्तर : 7, रेसकोर्स रोड, नई दिल्ली।

**139. 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' किस देश का सर्वोच्च सम्मान है?**
उत्तर : अमेरिका।

**140. विश्व का प्रथम पुरुष अंतरिक्ष यात्री कौन था?**
उत्तर : यूरी गागरिन (भूतपूर्व सोवियत संघ) : अप्रैल 1961।

Scanned by CamScanner

**141. विश्व की सबसे लम्बी रेलवे लाइन कौन-सी है?**
उत्तर : ट्रांस साइबेरियन रेलवे (9438 कि.मी. लम्बी)।

**142. विश्व का सबसे प्राचीन धर्म कौन-सा है?**
उत्तर : हिन्दू धर्म।

**143. वॉल स्ट्रीट कहाँ स्थित है?**
उत्तर : न्यूयॉर्क (अमेरिका)।

**144. अमेरिका की संसद का क्या नाम है?**
उत्तर : सीनेट।

**145. भारत की गुप्तचर संस्थाओं के क्या नाम हैं?**
उत्तर : (i) रिसर्च एंड एनेलिसिस विंग (RAW),
(ii) इंटेलीजेंस ब्यूरो (IB),
(iii) सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टीगेशन (CBI)

**146. जेट इंजन के आविष्कारक कौन हैं?**
उत्तर : सर फ्रैंक विटेल, ब्रिटेन (1937)।

**147. मशीन गन का आविष्कार किसने और कब किया?**
उत्तर : जेम्स पक्ले, ब्रिटेन (1718)।

**148. हाइड्रोजन के खोजकर्त्ता कौन हैं?**
उत्तर : हैनरी कैवेंडिश, इंग्लैंड (1766)।

**149. यूरेनियम के खोजकर्त्ता का नाम लिखो।**
उत्तर : मार्टिन क्लैप्रोथ, जर्मनी (1789)।

**150. AHQ का पूरा नाम क्या है?**
उत्तर : आमी हैडक्वार्टर्स।

**151. CO का पूरा नाम क्या है?**
उत्तर : कमांडिंग ऑफिसर।

**152. चन्द्रमा पर पहुँचने वाला विश्व का प्रथम व्यक्ति कौन था?**
उत्तर : नील-आर्मस्ट्रांग (अमेरिका) : 21 जुलाई, 1969।

**153. विश्व की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली प्रमुख भाषाएं कौन-सी हैं?**
उत्तर : (i) चीनी, (ii) स्पेनिश, (iii) अंग्रेजी, (iv) हिन्दी, (v) अरबी, (vi) पुर्तगाली।

**154. 'पर्ल ऑफ दी ऑरियंट' किसका भौगोलिक उपनाम है?**
उत्तर : सिंगापुर।

**155. विश्व साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?**
उत्तर : 8 सितम्बर को।

Scanned by CamScanner

**156. विभ्रमकजनक नशीले पदार्थ के नाम लिखिए।**

**उत्तर :** 1. भांग, चरस, गांजा 2. हशीश 3. एलएसडी, मेस्केलिनन 4. मारिजुआना।

**157. 'मनरेगा' का पूरा नाम क्या है?**

**उत्तर :** महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम (MGNREGA)।

**158. प्रधानमंत्री जनधन योजना का शुभारंभ कब और किसके द्वारा किया गया?**

**उत्तर :** 28 अगस्त, 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।

**159. भ्रष्टाचार के तीन प्रमुख कारण कौन-से हैं?**

**उत्तर :** 1. प्रभावी कानून की कमी, 2. नैतिकता का पतन 3. भूख, गरीबी एवं बेरोजगारी।

**160. बाल शोषण के प्रमुख चार प्रकार कौन-से हैं?**

**उत्तर :** 1. शारीरिक शोषण, 2. भावनात्मक शोषण, 3. यौन शोषण, 4. सुविधाओं का अभाव।

**161. मानव शरीर के प्रमुख भाग कौन-से हैं?**

**उत्तर :** 1. कोशिकाएँ, 2. ऊतक, 3. अंग, 4. अंग-संस्थान या तंत्र।

**162. मानव शरीर में कितनी पेशियाँ होती हैं?**

**उत्तर :** 500 से अधिक।

**163. मानव ज्ञानेंद्रिय तंत्र कितने प्रकार के होते हैं?**

**उत्तर :** ये प्रायः पाँच प्रकार के होते हैं, इनके मुख्य भाग निम्नलिखित हैं :

1. घ्राणेंद्रिय, 2. स्वादेंद्रिय, 3. दृष्टींद्रिय, 4. श्रवणेंद्रिय, 5. स्पर्शेंद्रिय।

**164. रक्त समूह कितने प्रकार का होता है?**

**उत्तर :** रक्त चार प्रकार के होते हैं : A, B, AB और O।

**165. रक्त के विभिन्न अवयव कौन-से हैं?**

**उत्तर :** 1. प्लाज्मा, 2. लाल रक्त कणिकाएँ, 3. श्वेत रक्त कणिकाएँ, 4. प्लेटलेट्स।

**166. जल के मुख्य स्रोत क्या हैं?**

**उत्तर :** जल के तीन मुख्य स्रोत हैं : (i) वर्षा का जल (ii) सतही जल (iii) भूमिगत जल।

**167. जल शुद्धिकरण के प्रमुख 4 उपाय कौन-से हैं?**

**उत्तर :** 1. उबालना, 2. वाटर प्यूरिफायर 3. कीटाणु शोधन एवं 4. पोटेशियम परमैंग्नेट द्वारा।

**168. टी॰बी॰ किस जीवाणु (बैक्टीरिया) द्वारा होने वाला रोग है?**

**उत्तर :** माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस।

**169. टायफॉयड शरीर के किस अंग को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है?**

**उत्तर :** आँत।

**170. विटामिन 'बी' की कमी से होने वाले प्रमुख रोग कौन-से हैं?**

**उत्तर :** बेरी-बेरी, एनीमिया, चर्म रोग इत्यादि।

Scanned by CamScanner

**171. जल में घुलनशील प्रमुख विटामिन कौन-से हैं?**

उत्तर : विटामिन 'B' तथा विटामिन 'C'।

**172. मानव शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की आयु कितनी होती है?**

उत्तर : 120 दिन।

**173. एक सामान्य मानव शरीर में रक्त की कितनी मात्रा होती है?**

उत्तर : 5 से 6 लीटर (शारीरिक भार का 7 प्रतिशत)।

**174. रक्त सर्वदाता समूह कौन-सा होता है?**

उत्तर : O ग्रुप।

**175. मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि कौन-सी है?**

उत्तर : यकृत (लिवर)।

**176. पर्यावरण के दो मुख्य प्रकार कौन-से हैं?**

उत्तर : पर्यावरण के दो प्रकार होते हैं : 1. भौतिक पर्यावरण, 2. जैविक पर्यावरण।

**177. मनुष्य के चेहरे में अस्थियों की संख्या कितनी होती है?**

उत्तर : 14

**178. हृदय की दो धड़कनों के बीच का अंतराल कितना होता है?**

उत्तर : 0.8 सेकण्ड।

**179. मानव शरीर में मांसपेशियों की संख्या कितनी होती है?**

उत्तर : 639

**180. बुखार (Fever) कितने प्रकार का होता है?**

उत्तर : (i) मलेरिया (ii) टायफॉयड (iii) तपेदिक (टीबी)
(iv) गठिया रोग से संबंधित ज्वर (v) खसरा (vi) कनफेड़े
(vii) श्वसन संबंधी ज्वर न्युमोनिया (viii) मस्तिष्क ज्वर (ix) डेंगू

**181. अस्थिभंग के किन्हीं चार प्रकारों के नाम लिखिए?**

उत्तर : 1. संयुक्त अस्थिभंग 2. बहु-अस्थिभंग 3. विखंडित अस्थिभंग 4. पेंचदार अस्थिभंग।

**182. घाव कितनें प्रकार के होते हैं?**

उत्तर : घाव निम्नलिखित प्रकार के होते हैं–
(i) चीरा घाव (ii) वेधन घाव (iii) कुटन घाव
(iv) विदीर्ण घाव (v) गोली का घाव (vi) बम का घाव

**183. किसी पागल कुत्ते के काटने से कौन-सा संक्रामक रोग होता है?**

उत्तर : रैबीज।

**184. प्राथमिक चिकित्सा का क्या उद्देश्य है?**

उत्तर : 1. जीवनरक्षा करना 2. अधिक चोट से बचाव 3. उबार को प्रोत्साहन।

Scanned by CamScanner

**185. रेड क्रॉस किसका आधिकारिक चिह्न है?**
उत्तर: इंटरनेशनल रेड क्रॉस।

**186. लैटिन चिकित्सक शब्द q.h.s. का हिन्दी शब्द-संक्षेप क्या है?**
उत्तर: रोजाना सोते समय।

**187. संक्रमण के किन्हीं दो प्रकारों के नाम बताओ?**
उत्तर: 1. विषाणुजनित संक्रमण (Viral Infection), 2. जीवाणुजनित संक्रमण (Bacterial Infection)।

**188. विटामिन 'डी' के खोजकर्ता का क्या नाम है?**
उत्तर: फ्रैडरिक हॉपकिंस।

**189. इंफ्लूएंजा शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?**
उत्तर: श्वसन तंत्र।

**190. विटामिन 'ई' की कमी से होने वाला प्रमुख रोग कौन-सा है?**
उत्तर: प्रजनन क्षमता में कमी।

**191. स्टेथोस्कोप का आविष्कार किस वैज्ञानिक द्वारा किया गया?**
उत्तर: रेने लेईनेक।

**192. क्रिस्टियन बर्नार्ड द्वारा कौन-सी चिकित्सीय पद्धति की खोज की गई?**
उत्तर: मानव हृदय का प्रत्यारोपण।

**193. मनुष्य के शरीर में सबसे बड़ी अंतःस्रावी ग्रंथि कौन-सी होती है?**
उत्तर: थायराइड।

**194. मनुष्य के शरीर में तत्वों की संख्या कितनी है?**
उत्तर: 24

**195. रक्षा सेवाओं में भर्ती के लिये होने वाली दो प्रतियोगिता परीक्षाओं के नाम बताइये।**
उत्तर: 1. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) परीक्षा 2. संयुक्त रक्षा सेवा (CDS) परीक्षा।

**196. रक्षा सेवाओं की लिखित परीक्षा के पश्चात् साक्षात्कार व व्यक्तित्व परीक्षण कौन करता है?**
उत्तर: सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (SSB)।

**197. एनसीसी के 'C' प्रमाण-पत्र धारकों को भर्ती में कौन-सी छूट मिलती है?**
उत्तर: कई स्थानों पर उन्हें लिखित लिखित परीक्षा से छूट मिलती है।

**198. उत्तर प्रदेश में एनसीसी का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
उत्तर: लखनऊ।

**199. एनसीसी की एक प्लाटून में कितने कैडेट्स होते हैं?**
उत्तर: 55 कैडेट्स।

**200. आर्टिलरी का मुख्य कार्य क्या होता है?**
उत्तर: पैदल सेना को कवरिंग फायर देना।

Scanned by CamScanner

**13. 'दाहिना सज' एक के आदेश पर कितने इंच का कदम लिया जाता है?**
**उत्तर :** 15 इंच

**14. 0.22 रायफल की कारगर रेंज लिखिए।**
**उत्तर :** 25 गज

**15. एलएमजी की मैगजीन की कुल क्षमता कितनी होती है?**
**उत्तर :** 30 राउण्ड

**16. फील्ड क्राफ्ट के अंतर्गत किन-किन बातों को सम्मिलित करते हैं?**
**उत्तर :** आड़ें, चालें, फायर एंड मूवमेंट, टारगेट को चिन्हित करना आदि।

**17. बगैर हथियार वाली कोई दो चालें लिखिए।**
**उत्तर :** चीते की चाल और बन्दर की चाल।

**18. दूरी को ज्ञात करने की किन्हीं दो विधियों के नाम लिखिए।**
**उत्तर :** ब्रेकेटिंग और की-रेंज।

**19. भूमि के कोई चार प्रकार लिखिए।**
**उत्तर :** 1. समतल भूमि, 2. ऊँची भूमि, 3. नीची भूमि 4. दबी हुई भूमि।

**20. मानचित्र के किन्हीं दो प्रकारों के नाम बताइए।**
**उत्तर :** प्राकृतिक एवं राजनैतिक मानचित्र।

**21. मानचित्रों पर दर्शाई जाने वाली किन्हीं दो जलीय आकृतियों का उल्लेख कीजिए।**
**उत्तर :** पक्का कुआँ और नदी।

**22. किन्दी दो सैनिक सांकेतिक चिह्नों के नाम लिखिए।**
**उत्तर :** सैक्शन, प्लाटून।

**23. 'ढलान' के दो प्रकार कौन-से हैं?**
**उत्तर :** नियमित ढलान तथा अनियमित ढलान।

**24. किन्हीं चार भू-आकृतियों का उल्लेख कीजिए।**
**उत्तर :** पहाड़ी, पर्वत, पठार और टीला।

**25. सर्विस प्रोट्रेक्टर का प्रमुख उपयोग क्या है?**
**उत्तर :** इसका प्रयोग मुख्यतः दिक्मान को खींचने और नापने के लिए किया जाता है।

**26. बियरिंग (दिक्मान) के दो प्रकार कौन-से हैं?**
**उत्तर :** अग्र दिक्मान और पृष्ठ दिक्मान।

**27. पर्यावरण प्रदूषण मुख्यतः कितने प्रकार का होता है?**
**उत्तर :** वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण तथा रेडियोधर्मी किरण प्रदूषण।

**28. वायु में कौन-कौन सी गैसें होती हैं?**
**उत्तर :** ऑक्सीजन, कार्बन-डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन, जलवाष्प इत्यादि।

Scanned by CamScanner